# CBSE Test Paper 03
## Ch-2 व्याकरण वाक्य रूपांतरण

1. आज हमारे घर राजमा बने हैं और चावल भी बने हैं |( सरल)
    a. जब मेरे घर राजमा बनते है , तब चावल भी बनते हैं |
    b. हमारे घर में राजमा बनने पर चावल बनाए जाते हैं |
    c. आज मेरे घर राजमा और चावल बने हैं |
    d. क्योंकि आज मेरे घर राजमा बने हैं इसलिए चावल भी बने हैं |
2. जैसे ही घंटी बजी, मेरी आँख खुल गई |(संयुक्त)
    a. क्योंकि घंटी बजी, इसलिए मेरी आँख खुल गई |
    b. घंटी बजने के कारण मेरी आँख खुल गई |
    c. मेरी आँख खुलने का कारण घंटी बजना था |
    d. घंटी बजी और मेरी आँख खुल गई |
3. पंडित जी ने सूचित किया कि कल मंदिर नहीं खुलेगा | (सरल)
    a. जब मंदिर नहीं खुला तब पंडित जी ने सूचित किया |
    b. पंडित जी ने सूचित किया पर मंदिर नहीं खुला |
    c. पंडित जी ने कल मंदिर न खुलने के लिए सूचित किया|
    d. जब पंडित जी सूचित करेंगे, तब मंदिर नहीं खुलेगा |
4. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-
    i. रात होते ही आकाश में तारों का मेला लग गया। (मिश्र वाक्य)
    ii. वह मुंबई गया। उसने वहाँ नया व्यापार शुरू किया। (संयुक्त वाक्य)
    iii. नीरजा ने कहानी सुनाई। नमिता रो पड़ी (सरल वाक्य)
    iv. उसके पिता जी की इच्छा थी। उनका बेटा वकील बने। (मिश्र वाक्य)
5. नीचे लिखे वाक्यों में से **किन्हीं तीन** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए :
    i. ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे। **(मिश्र वाक्य में)**
    ii. तताँरा ने विवश होकर आग्रह किया। **(संयुक्त वाक्य)**
    iii. आप जो कुछ कह रहे हैं वह बिलकुल सच है। **(सरल वाक्य)**
    iv. प्रैक्टिकल आइडियलिस्टों के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं। **(मिश्र वाक्य में)**
6. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-
    i. घर जाकर गृह कार्य पूरा करो। (संयुक्त वाक्य)

ii. परिश्रमी व्यक्ति के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। (मिश्रित वाक्य)
iii. आप वही बैठकर प्रतीक्षा करें। (संयुक्त वाक्य)
iv. सच बोलनेवाला कभी नहीं डरता। (मिश्रित वाक्य)

7. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

i. आप घर लौटने पर मुझे फोन करें। (मिश्र वाक्य)
ii. पिता जी की इच्छा के कारण मुझे छात्रावास जाना पड़ा। (संयुक्त वाक्य)
iii. वह लड़का गाँव जाकर बीमार हो गया। (मिश्र वाक्य)
iv. जैसे ही वह स्टेशन पहुँचा, वैसे ही गाड़ी चल दी। (सरल वाक्य)

8. **नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का रूपांतरण कीजिए - (3)**

i. वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते थे। **(संयुक्त वाक्य)**
ii. मैं सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया। **(संयुक्त वाक्य)**
iii. एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अण्डा तोड़ दिया। **(संयुक्त वाक्य)**
iv. वह छह मंजिली इमारत की छत थी जिस पर एक पर्णकुटी बनी थी। **(संयुक्त वाक्य)**

## CBSE Test Paper 03
### Ch-2 व्याकरण वाक्य रूपांतरण
### Answer

1. c. आज मेरे घर राजमा और चावल बने हैं |, **Explanation:** यह विकल्प सही है |उद्देश्य- आज मेरे घर राजमा और चावल विधेय-बने हैं।
2. d. घंटी बजी और मेरी आँख खुल गई |, **Explanation:** यह विकल्प सही है | क्योंकि दो स्वतंत्र वाक्यों को 'और' संयोजक शब्द से जोड़ा गया है।
3. c. पंडित जी ने कल मंदिर न खुलने के लिए सूचित किया|, **Explanation:** यह विकल्प सही है |उद्देश्य- पंडितजी ने विधेय-मंदिर न खुलने के लिए सूचित किया।
4. i. जैसे ही रात हुई वैसे ही आकाश में तारों का मेला लग गया।
   ii. वह मुंबई गया और उसने वहाँ नया व्यापार शुरू किया।
   iii. नीरजा की कहानी सुनकर नमिता रो पड़ी।
   iv. उसके पिता जी की इच्छा थी कि उनका बेटा वकील बने।
5. i. ग्वालियर में जो हमारा एक मकान था, उसके दालान में दो रोशनदान थे। / ग्वालियर में हमारा एक मकान था जिसके दालान में दो रोशनदान |
   ii. तताँरा विवश हुआ और उसने आग्रह किया।
   iii. आपका कहा बिलकुल सच है।
   iv. जो प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट होते हैं उनके जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं।
6. i. घर जाओ और गृहकार्य पूरा करो।
   ii. जो परिश्रमी व्यक्ति होते हैं उनके लिए कुछ भी असंभव नहीं होता।
   iii. आप वही बैठे और प्रतीक्षा करें।
   iv. जो सच बोलता है वह कभी नहीं डरता।
7. i. जब आप घर लौटे तब मुझे फोन करें।
   ii. पिता जी की इच्छा थी इसलिए मुझे छात्रावास जाना पड़ा।
   iii. वह लड़का गाँव गया और बीमार हो गया।
   iv. उसके स्टेशन पहुँचते ही गाड़ी चल पड़ी।
8. i. वे हरदम किताबे खोलते थे / खोले रहते थे और अध्ययन करते रहते थे।
   ii. मै सफल होकर / होने के बाद / होने पर कक्षा में प्रथम स्थान पर आया।
   iii. जैसे ही एक बार बिल्ली उचकी, उसने दो में से एक अंडा तोड़ दिया / एक बार जब बिल्ली उचकी तब उसने दो में से एक अंडा तोड़ दिया।
   iv. उस छह मंजिली इमारत की छत पर एक पर्णकुटी बनी थी।